Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start train from Balaghat to Nagpur in Morning and Nagpur to Balaghat in evening for the facility of students, Businessman and patients.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं बालाघाट लोक सभा से आता हूं, जो कि महाराष्ट्र की सीमा नागपुर से लगा हुआ क्षेत्र है । मेरे यहां के लोगों को अधिकांश इलाज कराने के लिए, व्यवसाय के लिए नागपुर जाना पड़ता है । उसके लिए एक ट्रेन बालाघाट से नागपुर चलती थी, उस ट्रेन को पिछले चार माह से बंद कर दिया गया है । वह इतवारी बालाघाट के नाम से चलती थी । इसके कारण उन यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है, आने-जाने की दिक्कत हो गई है । इससे मरीजों, पढ़ने वाले छात्रों और व्यापारियों को कष्ट हो रहा है । इसलिए आपके माध्यम से मैं मांग करना चाहता हूं कि सुबह बालाघाट से नागपुर के लिए और शाम के समय नागपुर से बालाघाट के लिए एक नई ट्रेन चलाई जाए ताकि हमारे यहां के मरीजों, छात्रों और व्यापारियों को उसका लाभ मिल सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।